## तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल चल रहे तीन नागरिकों की मौत



**पालाचौरई, देशबन्धु।** ऋषि ढाबा के पास शाम के समय हुए भीषण कार सड़क हादसे में सड़क किनारे पैदल चल रहे तीन व्यक्ति अंबाड़ा बैरियर निवासी मुकेश गुप्ता के चाचा एवं जवाहिर गुप्ता एवं अंबाड़ा इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी महादेव पवार की हादसे में मृत्यु हो गई है।

इसके अलावा कार में सवार दमुआ नंदन निवासी एक व्यक्ति सूरज प्रसाद उईके की भी मृत्यु हो गई है।

तीनों व्यक्तियों को हादसे के बाद पुलिस के द्वारा परासिया चिकित्सालय पहुंचाया गया था जहां पर डॉक्टर ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। वही कार चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश कर रही है। हादसे से लोग हैरत में हैं।

## नरवाई प्रबंधन के नवाचारों का निरीक्षण

### चार सौ एकड़ में सुपरसीडर से हुई बोनी देखने आए कलेक्टर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की तहसील चौरई के ग्राम ग्रेटिया विसला में गत दिवस कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत 400 एकड़ भूमि में सुपरसीडर के माध्यम से की गई सीधी बोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि यंत्रों के उपयोग और उनकी प्रभावशीलता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र के कस्टम हायरिंग केंद्र संचालकों से सुपरसीडर की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली और इसके व्यापक उपयोग को लेकर सुझाव भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जनपद पंचायत चौरई तरूण राहंगडाले, डी.डी. हॉर्टिकल्चर एमएस उइके, ज़ेड.आर.एस. संचालक, केवीके प्रमुख, सहायक कृषि यंत्री सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मृदा और पर्यावरण संरक्षण में मददगार नरवाई प्रबंधन

नरवाई प्रबंधन के तहत सुपरसीडर से सीधी बोनी की प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है, जिससे मृदा की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सकता है। इस तकनीक से खेतों में बची नरवाई को जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती जिससे वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। साथ ही मृदा में जैविक तत्वों की मात्रा बनी रहती है, जिससे फसल की उत्पादकता बढ़ती है और किसानों को कम लागत में अधिक लाभ मिल सकता है।

सुपरसीडर तकनीक का बढ़ता उपयोग

जिले में नरवाई प्रबंधन के नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सुपरसीडर जैसी आधुनिक तकनीक से सीधी बोनी करने से खेतों में नमी बनी रहती हैएजिससे सिंचाई की जरूरत भी कम पड़ती है।

बता दें कि किसानों द्वारा पूर्व में आग लगाकर नरवई जलाई जाती थी जिससे जहां खेत में उत्पादन कम होता था और जीव जंतुओं की मौत हो जाती थी साथ ही हवा चलने के दौरान दूसरे खेतों तक आग लगने का खतरा रहता था और यह अपराध की श्रेणी में भी आता था लेकिन नरवई जलाने के नवाचार से किसानों को फायदा ही फायदा है जिसे अपना रहे है।

### सार समाचार

## नेहरिया कोयला खदान में ठेका मजदूर को लगी चोट



**परासिया, देशबन्धु।** पेच क्षेत्र की नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में आज एक ठेका मजदूर दुर्घटना में घायल हो गया। मजदूर अर्जुन को शाम 6 बजे खदान से निकाल कर इलाज के लिए भोकई डिस्पेंसरी लाया गया। लेकिन हाथ, पैर एवं कमर में ज्यादा चोट होने के कारण उसे बड़कुही अस्पताल में भर्ती किया गया। जानकारी के अनुसार ठेका मजदूर खदान के अंदर सपोर्ट का काम कर रहा था तभी उसे चोट लगी।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा दशहरा मैदान में कल से




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सात दिवसीय श्रीमद भागवत् कथा का आयोजन स्थानीय पोला ग्राउण्ड (दशहरा मैदान) में दिनांक 22 फरवरी दिन शुक्रवार से 28 फरवरी दिन शुक्रवार तक 2025 तक अंर्तराष्ट्रीय कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज वृंदावन उत्तर प्रदेश के मुखाबिंद से होने जा रहा है। कथा का आयोजन डॉ. राजेश साहू, डॉ. मेघा साहू संचालक बालाजी कॉलेज व श्री बाजाली फन एण्ड जॉय वाटर पार्क के संचालक द्वारा किया जा रहा है। महाराज जी कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। अंर्तराष्ट्रीय कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी के मधुर भजन दूर नगरी बड़ी दूर नगरी, अपनी वाणी में अमृत घोल, राधे-राधे जपा करो, छोटो से मेरो मदन गोपाल, ये तो प्रेम की बात है उधो, गोविन्द मेरो है गोपाल मेरो है, मुझे चरणों से लगा ले इत्यादि भजन जन.जन तक सुने जाते हैं। इस अवसर पर भव्य मनोकामना कलश यात्रा 22 फरवरी दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे षष्ठी माता मंदिर परासिया रोड से प्रारंभ होकर पोला ग्राउण्ड के लिये प्रस्थान करेगी। कथा आयोजक साहू परिवार ने नगर की समस्त माता-बहनों से इस अवसर पर भव्य मनोकामना कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की ।

## विधिक जागरूकता शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचम जिला न्यायाधीश वैभव सक्सेना द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विचाराधीन बंदियो एवं दोषसिद्ध बंदियो को प्राप्त विधिक अधिकारो के संबंध में अवगत कराते हुए जिला प्राधिकरण नरसिंहपुर द्वारा बंदियो को निःशुल्क प्रदान की जा रही विधिक सहायता पर प्रकाश डाला। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव द्वारा बंदियो को विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उद्देश्यो से अवगत कराया एवं उन्हे अवगत कराया कि लीगल एड क्लीनिक में जेल विजिटिंग लॉयर एवं पैरालीगल वालेंटियर नियुक्त रहेगे जो बंदियो को विधिक सहायता प्रदान करने मे सहायता करेगे।

## कांग्रेस सेवादल ने की छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार से छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है ताकि धर्मवीर व हिन्दवी स्वराज के रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज की गौरव गाथा समाज के प्रत्येक वर्ग व व्यक्ति तक पहुंच सके। यह तभी संभव होगा जब फिल्म को टैक्स फ्री किया जावेगा।




कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा सरकार से यह मांग की है कि फिल्म छावा को प्रदेश व जिले में टैक्स फ्री किया जावे। फिल्म छावा को मनोरंजन कर से मुक्त किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग उसे देख सकें और महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें सकें।

शिवाजी महाराज के उपरांत हिन्दू स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले संभाजी महाराज का इतिहास संघर्ष से भरा होने के साथ ही अत्यन्त गौरवशाली रहा है। फिल्म के माध्यम से वह जन-जन तक पहुंचेगा।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वार्ड नं. 47 स्थित सिद्धिविनायक रेसीडेंसी में समिति की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आगाज गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ हुआ। कलश यात्रा श्री शिव मंदिर से शुरू हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची दोपहर बाद श्रीमद् भागवत कथा का आगाज हुआ। प्रतिदिन दोप. 2 से शाम 5 बजे तक कथा एवं 26 फरवरी को शिव परिवार स्थापना, पूर्ण आहुति, महाप्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

## रोजगार मेले में 224 अभ्यर्थियों का चयन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय ग्रीन आई.टी.आई. छिंदवाड़ा में गत दिवस युवा संगम मेला कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, शोभना संतोष राय वार्ड पार्षद, आई.एम.सी. सदस्य एवं जिला नोडल प्राचार्य सी.बी. उइके, जिला रोजगार अधिकारी माधुरी भलावी व जिले की अन्य शासकीय आईटीआई. के प्राचार्यो की गरीमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में 18 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये। प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिस के लिए कुल 600 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 224 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन कंपनी द्वारा किया गया।

अंतव्यवसायी योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को स्वीकृत लोन के चैक मुख्य अतिथि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके एवं कलेक्टर श्री सिंह द्वारा वितरित किये गये तथा जिन प्रतिष्ठानों द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को प्लेसमेंट, अप्रेंटिस एवं सीखों कमाओं योजना के अंतर्गत संलग्न किया है।

उनके प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कंपनी द्वारा चयनित 15 अभ्यर्थियों को हिंदुस्तान यूनीलिवर, एन.आई.आई.टी. के द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके एवं कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपना स्किल बढ़ाने के लिये पूरी मेहनत व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपना लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

शासकीय ग्रीन आई.टी.आई. के नोडल प्राचार्य सी.बी. उइके द्वारा जिले में संचालित नियमित व्यवसाय व योजना के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर होने के लिये प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर प्रशिक्षण अधिकारी कैप्टन स्वामीप्रसाद सूर्यवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## गुंजन शुक्ला को सौंपी दो जिलों की कमान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता मनोनीत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता मनोनीत किए गए हैं। पी.सी.सी. के द्वारा 41 प्रवक्ताओं को अलग-अलग जिलों की कमान सौंपी गई है। छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस संगठन से जुड़े गुंजन शुक्ला को दो जिलों का मीडिया विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे से चर्चा के उपरांत कांग्रेस के सक्रिय पदाधिकारी व वाकचार्तुय गुंजन शुक्ला को छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। श्री शुक्ला ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ सहित कांग्रेस के समस्त वरिष्ठजनों का हृदय से आभार माना है। कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई व शुभकामनाएं दी है।



## सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नपानि के खजरी में सीमांकन के बाद अतिक्रमण साबित हुआ लेकिन संबंधित ने नहीं तोड़ा, समय बीतने के बाद नपानि, राजस्व और पुलिस ने 20 फरवरी को अतिक्रमण तोड़ दिया।

नपानि ने बताया कि सीमांकन दिनांक 12 अगस्त 2024 के आधार पर राजस्व निरीक्षक छिन्दवाड़ा द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि रविन्द्र पिता अशोक, मनोज पिता संतोष पवार, बबलू पिता गोविंद पवार नामी खजरी द्वारा मौजा खजरी पटवारी हल्का नम्बर 09 अनावेदक राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाडा तरी जिला छिन्दवाडा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 396 मद रास्ता पर रविन्द्र पिता अशोक टाग 245 वर्ग फुट पर अवैध निर्माण किया गया। अनावेदक को उक्त कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिए गए परन्तु इनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। जिस पर राजस्व विभाग, नगर निगम एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाया गया।

## छिंदवाड़ा को स्वच्छ बनाने का प्रयास

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महापौर विक्रम अहाके और निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार नागरिकों को स्वच्छता में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से सफाई, सुविधा और रख रखाव को लेकर फीडबैक मांगा जा रहा है, जिससे स्वच्छता सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। निगम का मानना है कि आपकी राय स्वच्छता का आधार यानी नागरिकों की छोटी-छोटी राय बड़े बदलाव ला सकती हैं।

**नगर निगम की अपील**

शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने सुझाव और फीडबैक साझा करें। स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने से बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। नगर निगम का यह अभियान स्वच्छता को सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि एक आदत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इसमें भाग लें और अपने शहर को और अधिक सुंदर बनाने में सहयोग दें। स्वच्छता में योगदान दें, छिंदवाड़ा को चमकता शहर बनाएं।



# सांसद ने ली दिशा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को दिशा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक अध्यक्षता करते हुए छः प्रमुख विभागों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर कुछ अधिकारियों को सही जानकारी देने के आदेश दिये। सांसद श्री साहू ने जिला उद्योग केन्द्र, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए तैयार किये गये मीटिंग के एजेंडे के अनुसार योजनाओं और कार्यो की समीक्षा की। लगभग 3 घंटे तक चली बैठक में सांसद श्री साहू ने हर विभागों के अधिकारियों से बारीकी से हर बिंदु पर चर्चा करते हुए सवाल किए।

मीटिंग के दौरान पी.एम. विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए सांसद श्री साहू ने संबंधित अधिकारी से इस योजना में अभी तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए अभी तक कितने बच्चों को उक्त योजना में ट्रेनिंग दी गई उसके संबंध में प्रश्न किया लेकिन अधिकारी सही जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाये जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को सही जानकारी देने के आदेश दिए।

सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स वृहद परियोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जानकारी ली, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा के भीतर संपूर्ण काम पूर्ण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना को पूर्ण करने में जहाँ भी परेशानी आ रही है उससे हमें अवगत कराये, हम भी किसानों और आमजनों से बात करते हुए उन्हें सहयोग करने के लिए कहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इस योजना के अंतर्गत शामिल गांवों के सौ प्रतिशत किसानों को लाभ मिलना चाहिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

सांसद श्री साहू ने विद्युत विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में जिन किसानों के मकान खेतों में है उनका सर्वे करते हुए उन्हें भी इस योजना का लाभ लेने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा की गांवों में बिजली कटौती अधिक होती है जिससे किसानों और उनके बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि उन्हें इस योजना का लाभ मिलता है तो वे मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकेंगे।

सांसद श्री साहू ने विद्युत विभाग की आर.डी.एस.एस. योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों की लापरवाही के कारण समय सीमा में काम नहीं हो पा रहा है इस पर विशेष ध्यान देकर कार्यो की निगरानी करते हुए समय सीमा में काम कराये।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को सांसद श्री साहू ने कहा कि जिले भर में संचालित हॉस्टल में अधीक्षक नहीं रहते है वे जिला या विकासखण्ड मुख्यालयों से आना-जाना करते है, जिससे हॉस्टलों को संचालित करने में परेशानियां आती है। उन्होंने आदेश दिये कि अधीक्षकों को होस्टलों में ही निवास करने के आदेश दिये जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाये। जो शिक्षक कोर्ट के स्टे लेकर अन्य जगहों पर पदस्थ हुए है इस मामले में भी कार्यवाही करते हुए कोर्ट के समक्ष सही जानकारी भेजने की व्यवस्था की जायें। हॉस्टल और स्कूलों में बिना निविदा के कोई भी कार्य नहीं किये जाये।

उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को सिंचाई करने में परेशानियां नहीं आनी चाहिए इसके लिए गांवों का दौरा कर सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। साथ ही गांवों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिए चल रही योजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जाये।

सांसद श्री साहू ने नगरपालिका के आयुक्त को कहा कि हर बार स्वच्छता सर्वेक्षण में छिन्दवाड़ा पिछड़ रहा है, लेकिन इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में विशेष ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक अंक हासिल करने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर हितग्राहियों को मिले इसके लिए सर्वे करते हुए सभी को इस योजना में जोड़े।

## प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास बने हेमंत कुमार छेकर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी शीलेन्द्र सिंह ने प्रशासनिक कार्यो के संचालन की दृष्टि से 20 फरवरी को एक आदेश जारी करते हुए प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिसेन को हटाते हुए प्रभारी प्रशासक वन स्टाप सेंटर छिन्दवाड़ा बनाया गया है साथ ही समय समय पर कलेक्टर द्वारा सौपे जाने वाले अन्य कार्यो को भी करना होगा। वहीं हेमंत कुमार छेकर सहायक संचालक को प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास बनाते हुए उन्हें प्रत्यायोजित अधिकार जिसमें महिला बाल विकास कार्यालय के देयको आदि के आहरण वितरण के अधिकार सौंपने के साथ साथ समय समय पर कलेक्टर द्वारा सौपे गए कार्यो को भी दायित्व दिया गया है। मोनिका बिसेन की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह कार्यवाही की गई है।

## विद्युत मांग 25 फीसद बढ़ी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत वर्ष के मुकाबले 125 प्रतिशत से अधिक की खपत म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं.लि. के अंतर्गत कृषक उपभोक्ताओं के साथ घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा की गई है। पूरे जबलपुर संभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले ही एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें कृषकों द्वारा 3 से 4 फसलों का उत्पादन होने के कारण अत्यधिक लोड बिजली सिस्टम में दर्ज हुआ हैं जिसमें नरसिंहपुर जिले के विद्युत उपकेन्द्रों में लोड बढ़ा है। गत वर्ष के मुकाबले 25 प्रतिशत से अधिक की विद्युत खपत दर्ज की गई है। विद्युत विभाग द्वारा सभी कृषक उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्तापूर्वक सुचारू एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति की गई।

### सार-समाचार

## चंदनगांव माता मंदिर से चौरागढ़ जाएगा त्रिशूल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चंदन गांव माता मंदिर से भगवान शिव का त्रिशूल चौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेगा।

श्री पंच चौरागढ़ समिति चंदनगांव छिंदवाड़ा के संयोजक आशीष भट्ट ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माता मंदिर से चौरागढ़ त्रिशूल शिव भक्तों द्वारा शनि बुधवार रात्रि 10.00 बजे 221 किलो का विशाल भगवान शिव का त्रिशूल शिव भक्तों के द्वारा प्रस्थान किया जा रहा है त्रिशूल का आज नगर भ्रमण बाजे गाजे के साथ किया गया जहां सभी जगह भगवान शिव का स्वागत



अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य करन वैष्णव, आशीष भट्ट, सतीश बोबड़े, प्रतीक गायकवाड़, प्रवीण गायकवाड़, लीलाधर लोखंडे, रवि झोरे, राजा मोहबे, चंदू उसरेठे, रोहित मंडराह, राजेंद्र अलडक, द्वारका पहाड़े, मुन्ना गिरिजेश पवार, शरद बैंडे, दिवाकर सदारंग, योगेश सदारंग, रोशन सिगनापुरे, रोहित विश्वास, विशाल ताम्रकार एवं शिव भक्ति एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

## ई आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाइन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य : डीईओ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आबकारी अधिकारी छिंदवाड़ा अजीत एक्का ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2025-26 अर्थात् 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की सभी 117 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के कुल-31 एकल समूहों का निष्पादन नवीनीकरण/लॉटरी/ई-टेण्डर/ई-टेण्डर कम ऑक्शन के माध्यम से किया जायेगा, जिसके लिये वर्तमान लायसेंसियों एवं इच्छुक व्यक्तियों, फर्म, कम्पनी को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड व्यक्ति ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिये कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों के निष्पादन/ऑनलाईन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन से संबंधित नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

## थाना देहात पुलिस ने जुआरियों पर की बड़ी कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा लगातार अवैध गतिविधि जुआ सट्टा शराब में अंकुश लगाए जाने के निर्देशन में गत 19 फरवरी 2025 की रात्रि को दौरान रात्रि गस्त के जरिए मुखबिर के सूचना प्राप्त हुई की सुशीला जैन हॉस्पिटल के सामने एवं आलू कोल्डस्टोरेज के सामने कुछ लोग 52 तास पत्तों पर से अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से जुआ का खेल खेल रहे हैं जो सूचना पर हम स्टाफ एवं गवाह बब्लू पिता प्रहलाद प्रजापित निवासी गुरैया एवं करन पिता सोमाजी ओक्टे निवासी गुरैया को लेकर मुखबिर द्वारा बताए पते में जाकर देखे जो सुशीला जैन हॉस्पटिल के सामने कुछ जुआड़ी जुआ खेल रहे थे जिन्हे दबिश देकर पकडा गया जो आरोपी नूर पिता शहित खान उम्र 35 साल निवासी पुराना बैल बाजार, मो. अलीम पिता मो. राउफ उम्र 28 साल साकिन सोनी मोहल्ला परासिया, इमरान पिता शाकिर कुरैशी उम्र 33 साल सा. दीवानचीपुरा थाना कोतवाली को पकडा गया जिनके पास से एवं फड़ से कुल 5200/- रु. जप्त किए गए। आलू स्टोर्स के पास से दो फड़ पकडे गए एक फड़ में आरोपी रेहमान पिता मोहम्मद खान उम्र 30 साल अयान पिता इसरार खान उम्र 27 साल, जुनैद पिता हनीफ अली उम्र 27 साल, मोनिस पिता इस्माईल खान उम्र 25 वर्ष सभी निवासी बैल बाजार छिंदवाडा को पकडा गया जिनके पास से एवं फड़ से कुल 8300/- रु. जप्त किए

## गजानन महाराज प्रकटोत्सव पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, हजारों ने महाप्रसाद गृहण किया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संत गजानन गुणगान मंडल विवेकानंद कालोनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार शेगाँववासी संत श्री गजानन महाराज का प्रकटोत्सव भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किया गया।

आनंद बक्षी, संजय औरंगाबादकर, सुधीर सांईखेडकर ने बताया कि प्रकटोत्सव के आरंभ में सभी देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, मुकुंदराव पौनीकर, सरला रजनीकांत वाजपेयी, गीता किशोर तातेकर, श्रुति प्रशांत सांइखेडकर, अमृता विजय जोशी ने संपन्न किया। आचार्य पंडित किशोर तातेकार द्वारा अभिषेक पूजन किया गया ।

विवेकानंद महिला मंडल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति जय औलिया गजानना, नरदेह धारी नारायणा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, शिव मालवी, संतोष राय, राहुल मालवी, सरिता चिंटू काले तथा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महाप्रसाद भण्डारे में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। गजानन महाराज के प्रिय भोजन बेसन भाकर को प्राप्त करने के लिए भक्तों का सैलाब उमह पडा। श्री रेणुका महिला मंडल एवं संचार कालोनी महिला मंडल द्वारा महाप्रसाद में विशेष सहयोग किया गया ।

संत गजानन महाराज की पालकी विवेकानंद कालोनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई संत भेंट हेतु श्री शिर्डी सांई मंदिर तक निकाली गई। पालकी के स्वागत हेतु रांगोली, स्वागत द्वार, भजन कीर्तन, आरती से भक्तजनों ने शोभायात्रा के मार्ग को सराबोर कर दिया। संत गजानन गुणगान मंडल के श्याम माहोरे, वर्षा पाठक, विजया भोंगे, रितु मूले, मोना कस्तूरे, कृष्णा मंगरूलकर, प्रदीप मूले, संदेश सोनी, संदीप फिरके, संजय चिंचोले, अविनाश पुरोहित, सारंग बक्षी, स्मृति मगरे, तृप्ति नाफडे तथा सभी गजानन भक्तों ने सभी के द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया है।

## धर्मेन्द्र चौकसे परासिया स्थानांतरित, एसएन त्रिपाठी होंगे छिंदवाड़ा शहर के तहसीलदार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शीलेन्द्र सिंह ने अपने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ तहसीलदारों के स्थानांतरण आदेश जारी किए है जिसमें छिन्दवाड़ा शहर में पदस्थ तहसीलदार धर्मेन्द्र चौकसे को तत्काल प्रभाव से तहसीलदार परासिया बनाया गया है। ग्रामीण तहसीलदार एस.एन. त्रिपाठी को शहर छिन्दवाड़ा का तहसीलदार बनाया गया है। इसी प्रकार राजनंदिनी सिंह ठाकुर ट्रेनिंग डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार नजूल तथा अतिरिक्त तहसीलदार शहर का प्रभार सौपा गया है। इन्द्रसेन तुमराली को तहसीलदार ग्रामीण छिन्दवाड़ा बनाया गया है।

इस तरह लम्बे समय से हो रही छिन्दवाड़ा तहसीलदार धर्मेन्द्र चौकसे की शिकायतों को लेकर कलेक्टर के संज्ञान में आने के पश्चात तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर व्यवस्था में सुधार करते हुए संबंधित तहसीलदारों को अपने दायित्वों का सही निर्वाहन करने के निर्देश दिए है ताकि आम जनता शासन की योजनाओं एवं पात्र रखने वाले नागरिको का किसी तरह से कार्य में रूकावट न हो।

## कलेक्ट्रेट एवं तहसील के लिपिकों का भी होगा स्थानांतरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सूत्रों से पता चला है कि अनेक तहसील कार्यालयों तथा जिलाध्यक्ष कार्यालय, खनिज कार्यालय, एस.डी.एम. कार्यालय, महिला बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग, योजना मण्डल, जिला शिक्षा केन्द्र, आपूर्ति विभाग आदि कार्यालयों के लिपिको का भी इधर से उधर स्थानांतरण किया जाना लगभग तय है।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में पुरस्कार वितरण समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा द्वितीय पाली के प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे मुन्ने कलाकारों को वर्ष भर चलने वाली सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गए। मंच संचालन स्वाति अविनाश, नेहा पटवा एवं नीरज कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य हरि प्रसाद धरकर एवं प्रधान पाठक सुशील कुमार साहू द्वारा बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



इस अवसर पर प्राचार्य श्री धारकर ने विद्यार्थियों से कहा कि केन्द्रीय विद्यालय सभी बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के असीमित अवसर प्रदान करता है। जिन बच्चों की पढ़ाई में बहुत रुचि है वे पढ़ाई करके अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं जैसा की ज्यादातर बच्चे करते हैं, किन्तु कई ऐसे भी बच्चे होते हैं जो पढ़ाई में तो थोड़े कमजोर हो सकते हैं लेकिन वे बहुत अच्छे कलाकार या खिलाड़ी हो सकते हैं केन्द्रीय विद्यालय उन्हें भी इन क्षेत्रों में अपना भविष्य बनाने का मौका प्रदान करता है। श्री धारकर ने आगे कहा कि विद्यालय में बच्चे केवल पढ़ाई करने नहीं आते बल्कि वे अपने व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए भी अवसर पाते है। वरिष्ठ शिक्षिका अमिता सक्सेना, नीलिमा दुबे, योगिता नागदेवे, विजेता देशमुख, मोहित डेहरिया, दीक्षा राज चौरसिया, यश प्रताप सिंह, लीना चरपे, नंदू यदुवंशी, मोहम्मद शहादत आदि उपस्थित रहे।

## आरटीओ ने 13 वाहनों पर किया जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा महाशिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुये आज पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस के साथ ही यात्री वाहनों में किराया सूची चस्पा होने, वाहनों में ओवरलोडिंग, यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने के संबंध में सघन जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 13 वाहनों से 52,200/- रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।



## तनाव मुक्त होकर दें परीक्षा : तुषार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मेंटल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दिन बुधवार 19 फरवरी 2025 को चौरई स्थित पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से प्राचार्य संदीप साहू की उपस्थिति में मेंटल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. तुषार तलहल मानसिक रोग विशेषज्ञ ने छात्रों को तनाव और परीक्षा के दबाव का मैनेजमेंट और शिक्षकों को लक्षणों के आधार किन छात्रों को चिकित्सक के पास भेजना है, जिससे समय पर समाधान किया जा सके। डॉ. विकास द्विवेदी ने कम समय को देखते हुए परीक्षा की तैयारी सब्जेक्ट के अनुसार कैसे की जाए जिससे अच्छे रिजल्ट प्राप्त हो। सुश्री आराधना शुक्ला संकल्प वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि माता पिता के द्वारा किस तरीके से परीक्षा के तनाव में उनके कर्तव्य और ध्यान देने योग्य बातों पर चर्चा की गई। मानसिक रोग विशेषज्ञ डाक्टर तुषार ने इस अवसर पर सभी को परीक्षा के समय मेंटल हेल्थ टिप्स देते हुए कहा की तनाव से बचना चाहिए। परीक्षा का तनाव आपको स्वास्थ को बिगाड़ सकता है इससे बचे हल्का भोजन, पर्याप्त नींद एवम समय समय पर अपने दैनिक कार्य करते हुए पढ़ाई करें आप स्वास्थ रहेंगे एवम परीक्षा भी अच्छे से बिना तनाव के परीक्षा दे सकेंगे।

इस अवसर पर डाक्टर विकास द्विवेदी ने भी बच्चो को स्वस्थ रहने एवम कैसे मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए अच्छे से पढ़ाई करे बताया। उन्होंने कहा की परीक्षा के समय ही नहीं अपितु थोड़ा थोड़ा पाठ्यक्रम रोजाना ही पढ़ने का सबक दिया। वरिष्ठ समाजसेवी आराधना शुक्ला ने अपने घर अपने माता-पिता और गुरु के ही मागदर्शन से जीवन में आगे बढ़े एक स्वस्थ मानसिकता तभी आ सकती है जब आप अपना जीवन सुबह से शाम तक ईमानदारी से अपना कार्य करें तथा दूसरों के साथ भी और अपने आप के साथ भी ईमानदारी बरते वही स्वस्थ मानसिकता को जन्म दे सकता है आपका एक स्वस्थ मन ही घर के सु-संस्कार को अपना कर जन्म ले सकती है स्वस्थ मन ही सुंदर और सरल बना सकता अपना और अपने परिवार का जीवन सभी को अपने घर से शुरुवात कर स्वस्थ और अच्छे विचार ही जीवन में उतार कर जिंदगी जीने की कला सीख सकते है। उक्त कार्यक्रम की खुले कंठ से सभी ने सराहना की।